पटना में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का हुआ आयोजन

चर्चा में क्यों?

5 मार्च, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के पटना के विद्यापतिभवन में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर लेट्स इंस्पायर बिहार-गार्गी चैप्टर के उत्कृष्टता पुरस्कार सम्मान समारोह-2023 का भी आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की 150 महिलाओं को अपनी अनुकरणीय भूमिका से समाज में सर्वश्रेष्ठ उदाहरण स्थापित करने के लिये सम्मानित किया गया।

प्रमुख बिंदु

//

- कार्यक्रम में कुछ बेहतरीन सांस्कृतिक प्रदर्शन जैसे झिझिया और महिलाओं के लिये रनवे वॉक का भी आयोजन हुआ। इसके अलावा लेट्स इंस्पायर बिहार के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सदस्य, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से समाज के लिये काम किया, वैसे लोगों को भी सम्मानित किया गया।
- गार्गी उत्कृष्टता पुरस्कार नोएडा, मुंबई, गुजरात, राजस्थान, बेंगलुरु, दिल्ली तथा देश से बाहर रह रही बिहारी महिलाओं को भी दिया गया। इसके अलावा बिहार से मिसेज केनिया रह चुकी रूही सिंह, लंदन से एडवोकेट इलियास फातिमा, बेंगलुरु की फैशन डिजाइनर नीमा कुमार, मुंबई से एक्ट्रेस ऋषिका सिंह चंदेल, लोक गायिका हेमा पांडेय को गार्गी अवार्ड दिया गया।
- कार्यक्रम के दौरान आईपीएस विकास वैभव ने सभी महिलाओं को सम्मानित कर बिहार में आम लोगों के सामने उनका उदाहरण प्रस्तुत किया।
- इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बिंदु ज्योति झा द्वारा लिखित और हेमंत झा द्वारा निर्देशित उपन्यास पर आधारित नाटक 'आनंदी'था, जिसे मुख्य अभिनेत्री मोना झा ने निभाया। इसके अलावा उद्यमिता को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से महिलाओं द्वारा बिहारी भोज्य सामग्रियों तथा आर्ट-क्राफ्ट का स्टॉल भी लगाया गया।
- लेट्स इंस्पायर बिहार का कहना है कि हमारा उद्देश्य समाज की महिलाओं को एक मंच देकर उनका उत्थान करना है, जिससे वे एक चेंजमेकर के रूप में अभिनय करके प्रेरित कर सकें और अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास कर सकें।
- शिक्षा, समता, उद्यमिता, समाज सेवा, कला संस्कृति, खेल जगत, अभिनय, साहित्य, चिकित्सा समेत विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को यह सम्मान उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये प्रदान किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-women-s-day-organized-in-patna